श्याम मेरे श्याम | By Tinka Soni

श्याम मेरे श्याम, श्याम मेरे श्याम
श्याम मेरे श्याम, श्याम मेरे श्याम

खाटू वाले श्याम तेरा शुकराना है.....2
इन चरणों में अब तो अपना ठिकाना है.....2
हारे का साथी तू यह हमने जाना है
खाटू वाले श्याम.....

वह भी दिया जो सोचा ना था अब ना कोई दरकार
सिर्फ तमन्ना 1 बची मिल जाए मुझे तेरा प्यार
अब भरोसा तेरा मुझको पाना है
खाटू वाले श्याम.....

ना चाहूं मैं सोना चांदी ना झूठा सम्मान
बस यह चाहूं इन चरणों में लगा रहे मेरा ध्यान
दिल में तेरे मुझे उतर जाना है
खाटू वाले श्याम.....

सूना मन का आंगन था प्रभु तुमने किया उपकार
तेरे भरोसे चलता है अब श्याम मेरा परिवार
जब से मैंने तुम्हें अपना माना है
खाटू वाले श्याम.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-tinka-soni/